प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 27.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने हर सुरक्षा चुनौती के दौरान उल्लेखनीय अनुकूलनशीलता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया है। वे आज नई दिल्ली में चाणक्य रक्षा संवाद–2025 को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की हालिया सफलता देश की आतंक–रोधी और निवारक रणनीति में एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा कि सीमाओं को सशक्त बनाने के अलावा रक्षा बलों ने बुनियादी ढांचा, सम्पर्क, पर्यटन और शिक्षा के जरिए सीमा क्षेत्र विकास में भी योगदान दिया है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। श्री मोदी ने आज स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में कई ऐतिहासिक सुधार किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी नवाचार के लिए खोल दिया है, जिससे स्टार्टअप और उद्योग, देश के वैज्ञानिक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ मिलकर काम कर सकेंगे। श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्षों में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था कई गुना बढ़ेगी और देश के युवाओं के लिए अपार नए अवसर खोलेगी।

.....

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज जयपुर स्थित राजस्थान विश्वविद्यालय के वाणिज्य महाविद्यालय में नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्राथमिकता बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विश्वविद्यालयों को शैक्षिक रैकिंग में सुधार के लिए गम्भीरता से काम करना चाहिए। उन्होंने वाणिज्य विषय के तहत होने वाले कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि जो वाणिज्य के विद्यार्थियों को अपना व्यवसाय करने को प्रेरित किया।

0000

प्रवासी राजस्थानी दिवस से पहले आज जयपुर में पर्यटन प्रीसमिट आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इसका एक निजी होटल में उद्घाटन किया। उन्होंने प्रीसमिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेश की भौगोलिक विविधताओं का जिक्र किया और पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को तलाशने की बात कही। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार प्रवासी राजस्थानियों को राज्य के विकास में सहभागिता का अवसर दे रही है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से आगे बढकर मदद करने की अपील की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी तथा अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है किइस प्री समिट में राजस्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और पहचान दिलाने की रणनीति पर चर्चा की जा रही है।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग का 'आवेदन विड्रॉ' नवाचार अत्यंत प्रभावी रहा है। आयोग अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने आज बताया कि इस दूरदर्शी निर्णय से न केवल राजकोष के करोड़ों रुपये की बचत हुई है, बल्कि भर्ती प्रक्रियाओं में भी तेजी आई है। यह पहल ऐसे उम्मीदवारों को अपना आवेदन वापस लेने का मौका देती है जिनके पास वांछित योग्यता नहीं है। इससे परीक्षा आयोजन का अनावश्यक खर्चा भी बंद हुआ है। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इस नवाचार के बाद विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में बड़ी संख्या में आवेदन वापस लिए गए हैं। अकेले सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा से 46 हज़ार आवेदकों ने नाम वापस ले लिये।

0000

प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को अगले साल होने वाले राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया जायेगा। मंत्रिमंडल सचिवालय के शासन सचिव डॉ. जोगा राम ने बताया कि पुरस्कृत व्यक्तियों के प्रस्ताव सम्बंधित जिला कलेक्टर 22 दिसम्बर तक भेज सकते है। उन्होंने बताया कि ये प्रस्ताव अतिरिक्त मुख्य सचिव या प्रमुख शासन सचिव अथवा शासन सचिव को भेजे जा सकते है। जिला कलक्टर से प्राप्त प्रस्ताव का संबंधित प्रशासनिक विभाग द्वारा परीक्षण और अनुमोदन कर मंत्रिमण्डल सचिवालय को भिजवाया जाएगा। समारोह में लोक कलाकारों, आर्टिजन्स, सामाजिक, कला, साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों, खिलाड़ियों, किसानों, पशुपालकों, उद्योगपतियों, भामाशाहों तथा सरकारी कार्मिकों को उल्लेखनीय कामों के लिए प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस रविवार को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव कल तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000